<u>विद्या भवन बालिका विद्यापीठ</u>

<u>शक्ति उत्थान आश्रम, लखीसराय</u>

<u>(एन.सी.ई.आर.टी पर आधारित)</u>

कक्षा- पंचम् **तिथि-26/06/2021**

विषय-_संस्कृत **सुमिता कुमारी**

सुप्रभात बच्चों,

आज आप सब अकारांत नपुंसकलिंग शब्द के बारे में अध्धयन करेंगे|

<u>संस्कृत</u>

<u>चतुर्थः पाठः</u>

<u>अकारांत नपुंसकलिंग</u>

*<u>नपुंसकलिंग शब्द-</u> जिन शब्दों के द्वारा न तो स्त्री_जाति का बोध हो और न ही पुरुष जाति का बोध हो, उन्हें नपुंसकलिंग शब्द कहते हैं|जैसे-आम्रम्, फलम्, पुस्तकम्, कन्दुकम्, नामन् आदि|

<u>नपुंसकलिंग</u>

एकवचन **द्विवचन** **बहुवचन**

फलम्(एक फल) **फले(दो फल)** **फलानि (अनेक फल)**

*अकारांत- जिनका अंतिम वर्ण 'अ' हो|

*नपुंसकलिंग- जो न स्त्रीलिंग हो और न पुल्लिंग|

*शब्द-जिनका अर्थ हो|

नपुंसकलिंग शब्दों को भी पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग शब्दों की तरह तीनों वचनों में प्रयोग किया जाता है|

अकारांत नपुंसकलिंग के रूप निम्न प्रकार चलते हैं-

एकवचन	**द्विवचन**	**बहुवचन**
शब्द+म् कमलम्	शब्द+ ए कमले	शब्द+ आनि कमलानि

<u>अभ्यास</u>

1.शुद्ध विकल्पं चित्वा रिक्तस्थानानि पूरयत-(शुद्ध विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों को पूरा कीजिए)



(i) संस्कृत भाषा में ..... लिंगों में ..... वचन होते हैं।
(क) दो, तीन-तीन ☐ (ख) तीन, तीन-तीन ☐ (ग) तीनों, तीन-तीन

(ii) जो शब्द न तो स्त्रीलिंग हैं और न ही पुल्लिंग, वे ..... कहलाते हैं।
(क) नपुंसकलिंग ☐ (ख) स्त्रीलिंग ☐ (ग) पुल्लिंग

(iii) 'पुष्पे' शब्द 'पुष्प' शब्द का ..... रूप है।
(क) एकवचन ☐ (ख) द्विवचन ☐ (ग) बहुवचन

(iv) 'पत्रम्' शब्द के बहुवचन के लिए शुद्ध रूप ..... है।
(क) पत्राणि ☐ (ख) पत्रानि ☐ (ग) पत्रे

2. चित्राणि दृष्ट्वा तेषां नामानि लिखत –

(चित्रों को देखकर उनके नाम लिखिए)